बिहार में 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज

चर्चा में क्यों?

18 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना की तर्ज़ पर ही बिहार सरकार द्वारा सभी राशन कार्डधारी परिवारों को सालाना पाँच लाख रुपए तक का फ्री इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि राज्य के 18 से 59 वर्ष के लगभग छह करोड़ लोगों को कोविड टीके का फ्री बूस्टर डोज़ लगाया जाएगा। इसके लिये कैबिनेट ने 1314.15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।
- गौरतलब है कि राज्य के 55% परिवार आयुष्मान योजना के लाभार्थी हैं, जिसमें 5 लाख तक के फ्री इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
- राज्य में करीब 29% परिवार ऐसे हैं, जिन्हें आयुष्मान योजना का फायदा नहीं मिलता है, जबकि उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें भी यह सुविधा मिलनी चाहिये। उन्हीं को ध्यान में रखते हुए बिहार सरकार द्वारा पाँच लाख रुपए तक का फ्री इलाज उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/free-treatment-up-to-rs-5-lakh-in-bihar